शीर्षक: वित्तीय सहायता नीति (Financial Assistance Policy, FAP) एवं प्रक्रियाएं
वर्तमान प्रभावी दिनांक: 01/01/2018

उद्देश्य का सामान्य वक्तव्य:

Northwell Health उन समुदायों की सेहत में सुधार का प्रयास करता है जिनकी वह सेवा करता है और समुदाय के लिए उनकी भुगतान क्षमता से निरपेक्ष होकर सर्वोच्च गुणवत्ता वाली सुरक्षाप्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी प्रतिबद्धता के अंग के रूप में, Northwell Health आपातकालीन एवं अन्य चिकित्सकीय रूप से अनिवार्य देखभाल परिस्थितियों पर आधारित छूट पर प्रदान करता है। यह **वित्तीय सहायता नीति** ("FAP" अथवा "नीति") उस प्रक्रिया का निरूपण करती है जिसका प्रयोग यह निर्धारित करने में होता है कि क्या कोई Northwell Health मरीज, चाहे वह गैर-बीमित हो या अल्पबीमित, पूर्ण या आंशिक वित्तीय सहायता के लिए अर्ह है।

यह नीति, उद्देश्य को पूरा करती है जैसा आईआरएस अनुभाग 501(r) के अंतर्गत सीमांकित है जिसका 2018 में कानून बना था।

अनुभाग I. नीति

Northwell Health उन लोगों के लिए जो गैर-बीमित हैं, अल्पबीमित हैं, सरकारी कार्यक्रमों तथा अन्य तृतीय पक्षीय कवरेज के लिए अयोग्य हैं, अथवा अन्यथा इमरजेंसी या अन्य आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल के लिए भुगतान कर पाने में अक्षम हैं, सामुदायिक लाभ के रूप में वित्तीय आवश्यकताओं पर आधारित छूट पर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। Northwell Health मरीजों की उन्हें प्राप्त होने वाली देखभाल के वित्तीय पहलुओं के प्रबंधन में सहायता और परामर्श देने तथा व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों जिनकी वह सेवा कर रही है, के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह पॉलिसी सभी Northwell Health करमुक्त अस्पताल सुविधाओं, चिकित्यालयों और अत्यावश्यक चिकित्सा केंद्रों के लिए अमल में है। करमुक्त अस्पताल सुविधाओं जिन पर यह नीति लागू होती है, की सूची इस नीति के अनुभाग III-प्रक्रियाएं, आइटम A में शामिल है।

वित्तीय सहायता को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के लिए एक स्थानापन्न नहीं माना जाता है। वित्तीय सहायता केवल उन व्यक्तियों को उपलब्ध है जो अपनी देखभाल के लिए भुगतान कर पाने मे असमर्थ हैं और गैर-बीमित या अल्पबीमित हैं और सरकारी कार्यक्रमों अथवा अन्य तृतीय-पक्षीय कवरेज में चालू नामांकन अथवा उनसे अतिरिक्त सहायता के लिए योग्य हैं। मरीज से अपेक्षा की की जाती है कि भुगतान करने की अपनी व्यक्तिगत अक्षमता के आधार पर अपनी देखभाल की लागत मे वित्तीय सहायता अथवा भुगतान का कोई अन्य रूप और योगदान हासिल करने के लिए Northwell Health की प्रक्रियाओं का अनुपालन करें। स्वास्थ्य बीमा खरीदने की वित्तीय क्षमता वाले लोगों को अपने संपूर्ण व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं अपनी व्यक्तिगत परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के माध्यम के रूप में ऐसा करने को प्रोत्साहित किया जाएगा।

वित्तीय सहायता केवल Northwell Health अस्पताल सुविधा द्वारा अथवा Northwell Health द्वारा नियोजित चिकित्सक द्वारा प्रत्यक्ष रूप से प्रदान की गई सेवाओं के लिए उपलब्ध है। Northwell Health इस नीति के माध्यम से किसी मरीज को एक स्वतंत्र प्रदाता अथवा प्रेक्टिशनर द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के लिए भुगतान नहीं करता, भले ही वे सेवाएं Northwell Health के अस्पतालों या अन्य सुविधाओं में से किसी में प्रदान की जाती हों।

Northwell Health अस्पताल सुविधाओं के अलावा वित्तीय सहायता नीति द्वारा कवर अस्पताल सुविधाओं में आपातकालीन एवं अन्य अनिवार्य चिकित्सा देखभाल प्रदान करने वाले प्रदाताओं और कौने से प्रदाताओं को इस पॉलिसी के परिशिष्ट A में नहीं पाया जा सकता, की एक सूची। प्रदाता सूचीकरण नियमित समीक्षा की जाती है और जरूरी होने पर उसे अपडेट किया जाता है।

हमारे संसाधनों का विश्वसनीय तरीके से प्रबंधन करने और Northwell Health को जरूरतमंद लोगों को यथोचित स्तर तक वित्तीय सहायता प्रदान करने को नियत करने के लिए, वित्तीय सहायता के प्रावधानों के अनुरूप निम्न दिशानिर्देश स्थापित किए गए, नीति में वित्तीय सहायता के संबंध में निम्न जानकारियां शामिल हैं;

1. इस नीति वर्ष के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए योग्य मरीज पर आरोपी धनराशि की गणना करने के आधार का विवरण;
2. उन तरीकों का विवरण जिसके द्वारा मरीज वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं;
3. व्यक्ति से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त की गई जानकारी के अलावा बाहरी अथवा आंतरिक डेटा स्रोत से हासिल जानकारी जिनका प्रयोग हो सकता है, और किन परिस्थितियों के अंतर्गत वित्तीय सहायता के लिए मरीज की अर्हता का पूर्ववर्ती निर्धारण किया गया, का प्रयोग इस आकलित निर्धारिण के लिए किया जा सकता है कि क्या व्यक्ति वित्तीय सहायता के लिए योग्य है;
4. Northwell Health सुविधाएँ किस प्रकार उन समुदायों में नीति को व्यापक रूप से प्रचारित करेंगी जिनकी वे सेवा कर रही हैं, का विवरण; और
5. भुगतान पर सीमा का विवरण कि वित्तीय सहायता के लिए योग्य व्यक्तियों को आपातकालीन एवं अन्य चिकित्सकीय रूप से अनिवार्य देखभाल प्रदान करने के लिए अस्पताल (1) सामान्य तौर पर बिल की धनराशि (एमाउंट जनरली बिल्ड) अथवा (2) इस नीति के अनुभाग III के आइटम F में शामिल क्रमिक न्यूनमान के अनुरूप उपलब्ध किसी छूट में जो लघुतर है उसे आरोपी करेगा।

अनुभाग II. परिभाषाएं

इस नीति के उद्देश्य के लिए, कुछ आइटमों की निम्न प्रकार व्याख्या की गई है:

सामान्य तौर पर बिल की गई धनराशि (Amount Generally Billed, AGB): ऐसी विधाओं के लिए बामी कवर वाले लोगों के लिए आपातकालीन एवं चिकित्सकीय रूप से अन्य अनिवार्य देखभाल हेतु सामान्य तौर पर बिल की गई धनराशि।

AGB प्रतिशत: वित्तीय सहायता नीति के अंतर्गत किसी आपातकाल के लिए या सहायता के लिए योग्य व्यक्ति को प्रदान की गई अन्य चिकित्सकीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए AGB निर्धारित करने हेतु अस्पताल सुविधा द्वारा प्रयोग होने वाले संपूर्ण शुल्क का प्रतिशत।

दस्तावेज़ीकरण: पूर्ण किया गया वित्तीय सहायता कार्यक्रम आवेदन ("आवेदन") निहित होता है। आवेदन (चाहे हार्ड कॉपी प्रस्तुत की गई हो अथवा टेलीफोन इंटरव्यू द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से) में पिछले तीस (30) दिनों की आय के लिए वेतन सत्यापन शामिल होता है।

आपातकालीन चिकित्सा स्थितियां: जैसा कि सामाजिक सुरक्षा अधिनियम (42 U.S.C. 1395dd), जिसे आपातकालीन चिकित्सा उपचार और सक्रिय श्रम अधिनियम (Emergency Medical Treatment and Active Labor Act, EMTALA) के रूप में भी जाना जाता है, के अनुभाग 1867 द्वारा निरूपित है, EMTALA एक आपातकालीन चिकित्सा स्थिति का निरूपण पर्याप्त गंभीरता के घातक लक्षणों से स्वतः प्रकट होने वाली ऐसी चिकित्सा स्थिति के रूप में करता है कि तत्काल चिकित्सकीय देखरेख नहीं होने पर यथोचित रूप से इन परिणामों की अपेक्षा की जा सकती हैः (i) व्यक्ति के स्वास्थ्य कागंभीर जोखिम में पड़जाना; (Ii) शारीरिक कार्यों की गंभीर हानि; अथवा (iii) किसी भी शरीर के किसी अंग की गंभीर निष्क्रियता। EMTALA आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के निरूपण में एक ऐसी गर्भवती महिला को शामिल करता है जिसे संकुचन हो रहा है।

एक्सट्राऑर्डिनरी कलेक्शन एक्शन (Extraordinary Collection Action (ECA): Northwell Health द्वारा इस नीति के अंतर्गत कवर की गई देखभाल के लिए एक बिल का भुगतान हासिल करने से संबंधित व्यक्ति के खिलाफ की गई निम्न कार्यवाहियों में से किसी एक को शामिल करता है:.(1) कार्यवाहियां जो कानूनी या न्यायिक प्रक्रिया के लिए अपेक्षित हैं, (2) कंज्यूमर क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसियों अथवा क्रेडिट ब्यूरो को प्रतिकूल जानकारी की रिपोर्टिंग, (3) अचल संपत्ति पर दावा करना और/अथवाकब्जे में करना, (4) बैंक खाते को कुर्क करना अथवा सीज करना या वेतन का ऋणानुबंध करना, और(5) वित्तीय सहायता नीति के अंतर्गत पहले प्रदान की गई बीमित देखभाल के लिए ऋण की गैर अदायगी के कारण भुगतान को टालना, इन्कार करना अथवा गैर-आपातकालीन चिकित्सा देखभाल करने से पहले भुगतान की मांग करना।

परिवार : जनगणना ब्यूरो की परिभाषा का प्रयोग करते हुए, दो या अधिक लोगों का एक समूह जो साथ-साथ रहता है और जिनके जन्म, शादी (वैध सामान्य कानूनी जीवनसाथी समेत)), अथवा दत्तक ग्रहण के संबंध हैं। इंटरनल रेवेन्यू सर्विस रूल्स के अनुसार, यदि मरीज अपने आयकर रिटर्न मे किसी के उसपर आश्रित के रूप में होने का दावा करता है, तो उन्हेंवित्तीय सहायता के प्रावधानों के उद्देश्य के लिए आश्रित माना जा सकता है।किसी भी सूचीबद्ध परिवार सदस्य के लिए वित्तीय जवाबदेही को प्रमाणित करने का आधिकार Northwell Health का अधिकार आरक्षित है।

परिवार की आय : परिवार की आय (फैमिली इनकम) में मेहनताना, वेतन, बेरोजगारी क्षतिपूर्ति, कामगार क्षतिपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, पूरक सुरक्षा आय, जन सहयोग, सेवानिवृत्ति भुगतान, उत्तरजीवी लाभ, पेंशन अथवा सेवानिवृत्ति आय, संपत्ति से किराया, अपने खुद के व्यापार से लाभ एवं शुल्क, ब्याज, लाभांश, किराया, रायल्टी, जायदाद, ट्रस्टों से आय, निर्वहन भत्ता, बच्चों का सहयोग और अन्य विविध स्रोत शामिल होते हैं। आय का निर्धारण कर-पूर्व आधार पर किया जाता है और पूंजी लाभ या हानि को छोड़ दिया जाता है। यदि एक व्यक्ति परिवार के साथ रहता है, तो सभी सदस्यों की आय पर विचार किया जा सकता है। (घर में रहने वाले गैर-रिश्तेदार सदस्य की गणना नहीं होती)। नगदी रहित लाभों, जैसे फूड स्टाम्प्स और आवासीय सब्सिडी, को आय नहीं माना जाता।

संपूर्ण शुल्क : संपूर्ण शुल्क नॉर्थवेल संस्था पर मरीज को देखभाल और अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए लागू कुल शुल्क से किसी कटौती से पहले की स्थापित दरों पर आधारित होता है।

चिकित्सकीय अनिवार्य सेवाएं : स्वास्थ्य सेवाएं जो एक फिजिशियन, विवेकपूर्ण नैदानिक निर्णय का प्रयोग करते हुए, मरीज को किसी बीमारी, चोट, रोग अथवा उसके लक्षणों का मूल्यांकन, निदान अथवा उपचार करने के उद्देश्य से प्रदान करेगा, और जो हैं (a) मेडिकल प्रेक्टिस के सामान्य स्वीकृत मानदंडों के अनुरूप,; (b) नैदानिक रूप से यथोचित; और(c)मुख्यतौर पर मरीजकी सुख-सुविधा के लिए नहीं।

पॉलिसी का साधारण भाषा सार (Plain Language Summary of the Policy (PLS): एक लिखित वक्तव्य जो व्यक्ति को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली अस्पताल सुविधाओं की जानकारी देता है और निम्न जानकारियों को स्पष्ट, संक्षिप्त और समझने में आसान भाषा में निम्न जानकारी प्रदान करता है:

1. वित्तीय सहायता नीति के अंतर्गत अर्हता अपेक्षाओं एवं प्रस्तावित सहायता का संक्षिप्त विवरण

2. एक संक्षिप्त सारांश कि वित्तीय सहायता नीति के अंतर्गत सहायता के लिए कैसे आवेदन करें

3. सीधा वेबसाइट एड्रेस (अथवा URL) और वास्तविक ठिकाने जहां व्यक्ति FAP (वित्तीय सहायता नीति) और आवेदन फार्म की प्रतियां हासिल कर सकता है

4. व्यक्ति वित्तीय सहायता नीति और आवेदन की निःशुल्क प्रति डाक द्वारा कैसे प्राप्त करे, पर अनुदेश

5. संपर्क जानकारी, जिसमें उस अस्पताल सुविधा कार्यालय अथवा विभाग का टेलीफोन नंबर और वास्तविक ठिकाना शामिल होता है जो वित्तीय सहायता नीति के बारे में जानकारी तथा आवेदन प्रक्रिया में सहायता प्रदान कर सकते हैं

6. वित्तीय सहायता नीति, आवेदन के अनुवाद की उपलब्ध का विवरण और अन्य भाषाओं में साधारण भाषा सार, यदि लागू हो

7. एक वक्तव्य कि वित्तीय सहायता के लिए अर्हता एक व्यक्ति से आपातलीन एवं अन्य अनिवार्य चिकित्सकीय देखभाल के लिए AGB से अधिक नहीं वसूला जा सकता।

मुख्य भाषाएं: भाषाएं जो सीमित अंग्रेजी दक्षता (Limited English Proficiency (LEP) वाले लोगों द्वारा बोली जाती है जिसमें Northwell Health द्वारा जिस समुदाय की सेवा की गई है उसके पांच (5) प्रतिशत से अधिक अथवा 1,000 निवासी, जो भी कम हो।

अल्पबीमित : मरीज जिसके पास कुछ स्तर का स्वास्थ्य बीमा या तृतीय पक्षीय सहायता है लेकिन उन व्यय को जेब से खर्च नहीं कर सकता जो मरीज की वित्तीय क्षमता से अधिक हैं।

गैर-बीमित: अपने स्वास्थ्य की देखभाल से संबंधित भुगतान के दायित्व को पूरा करने के लिए मरीज के पास किसी स्तर का स्वास्थ्य बीमा अथवा तृतीय पक्षीय सहायता नहीं है।

अनुभाग III. प्रक्रियाएं

A. <u>नॉर्थवेल की वित्तीय सहायता नीति के अंतर्गत योग्य सेवाएं</u>

इस नीति के लिए, "वित्तीय सहायता" का संकेत Northwell Health द्वारा योग्य मरीज को छूट राशि पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं से है। (योग्य मरीज से बाल एवं नवजात सेवाओं का भुगतान करने की अपेक्षा नहीं है)। निम्न स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं वित्तीय सहायता के लिए योग्य हैं।

1. नॉर्थवेल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में रहने वाले किसी व्यक्ति के लिए आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, जिनमें वे मरीज शामिल हैं जो किसी Northwell Health इमरजेंसी डिपार्टमेंट में मौजूद है (इमरजेंसी मेडिकल ट्रीटमेंट एवं एक्टिव लेबर एक्ट "EMTALA" के अंतर्गत स्थानातरणों समेत), एक आतापकीन कक्ष व्यवस्था में प्रदान की जाती है।

2. ऐसी स्थिति के लिए सेवाएं जिसे, यदि तत्काल उपचारित नहीं दिया गया, तो व्यक्ति की स्वास्थ्य स्थिति में विपरीत परिवर्तन हो सकता है;

3. एक गैर-आपातकालीन कक्ष व्यवस्था में खतरनाक परिस्थितियों की प्रतिक्रिया में प्रदान की गईं गैर-वैकल्पिक सेवाएं; और

4. चिकित्सकीय रूप से अनिवार्य गैर-आपातकालीन चिकित्सा देखभाल सेवाएं।

योग्यता वाले रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जो न्यूयॉर्क ट्री-स्टेट क्षेत्र में रहते हैं।

देखभाल प्रदान कर रहे स्वास्थ्यसेवा पेशेवर की जिम्मेदारी है कि मरीज द्वारा भुगतान करने की क्षमता की क्षमता का ख्याल करे बिना चिकित्सकीय आवश्यकताओं का निर्धारण करे। Northwell Health ऐसी किसी गतिविधि में लिप्त नहीं होगा जो व्यक्ति को आपातकालीन चिकित्सा सेवा के अनुसरण से हतोत्साहित करे। Northwell Health आपातकालीन विभाग के मरीज से आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों के लिए उपचार से पहले भुगतान करने की अपेक्षा नहीं करता और ना ही Northwell Health आपातकालीन विभाग या उन अन्य क्षेत्रों में अभेदमूलक आधार पर ऋण संग्रह की गतिविधियों की इजाजत देता है जहां ऐसी गतिविधियां आपातकालीन देखभाल के प्रावधानों में हस्तक्षेप कर सकती हों।

<u>वित्तीय सहायता के लिए अर्हता।</u>

वित्तीय सहायता के लिए अर्हता पर विचार उन व्यक्तियों के लिए होगा जो सेवा क्षेत्र (ऊपर उल्लिखित) के निवासी हैं और गैर-बीमित, अल्पबीमित हैं, सेवाओं के लिए भुगतान करने वाले सरकारी कार्यक्रमों के लिए अर्ह नहीं हैं, अथवा अपनी देखभाल के लिए भुगतान करने में अक्षम हैं/अथवा कवर की गई सेवाओं के लिए उनके लाभ समाप्त हो चुके हैं।
वित्तीय सहायता प्रदान करना इस पॉलिसी के अनुरूप वित्तीय आवश्यकता के व्यैक्तिक निर्धारण पर आधारित होगा, और आयु, लिंग, नस्ल, रंग, राष्ट्रीय मूल, धर्म, सामाजिक एवं आव्रजन स्थिति, लैंगिक रुझान, लैंगिक पहचान, वैवाहिक संबन्ध, शारीरिक अपंगता, अथवा मानसिक अपंगता पर विचार नहीं किया जाएगा।

FAPमें भागीदारी (ए) मेडिकेड अथवा अन्य सार्वजनिक बीमा कार्यक्रमों जिनके लिए मरीज Northwell Health मूल्यांकन के आधार पर अर्ह हो सकता है, के लिए आवेदन करने की मरीज की इच्छा पर निर्भर होगी और (बी) मरीज से नॉथवेल हैल्थ की आवदेन अपेक्षाओं जिसमें वित्तीय आवश्यकताओं के निर्धारण के लिए व्यक्तिगत वित्तीय अथवा अन्य अनिवार्य जानकारियां शामिल हैं, के लिए पूरा सहयोग करने की आवश्यकता होती है।

FAP आवेदनों पर विचार करते समय Northwell Health के निम्न अधिकार आरक्षित होते हैं:

1. सेवा (सेवाएं) प्रदान करने से पहले या बाद में किसी भी बिंदु पर और /अथवा बिल जारी करने एवं संग्रह चक्र के दौरान किसी समय वित्तीय सहयोग के लिए अर्हता पर विचार करने का अधिकार;

2. नॉर्थवेल सुविधा में हर बार मेडिकल विजिट अथवा भर्ती होने के लिए वित्तीय सहायता के लिए आवेदन का आग्रह करने अधिकार;

3. वित्तीय सहायता नीति के किसी पहलु में कठिनाई में सुधार करने का अधिकार;

4. NYSDOH द्वारा निर्दिष्ट प्रत्येक अस्पताल सुविधा के प्राथमिक सेवा क्षेत्र के बाहर रहने वाले मरीज पर इस नीति के नियमों को लागू करने का अधिकार; और

5. परिवार के आकार और आय विभिन्नताओं में प्रयोग करने के लिए उपलब्ध संसाधनों से हासिल आय जानकारी का बाहरी रूप से प्रयोग करने का अधिकार।

कार्यक्रम के लिए अर्हता मौजूदा परिवारिक आय पर आधारित होती है और नीचे दर्शाएं गई घरेलू आय से कम घरेलू आय वाले व्यक्तियों को उपलब्ध होती है:

घरेलू / परिवार का आकार	अधिकतम घरेलू आय (500% of 2018 की संघीय गरीबी दिशानिर्देशों का 500%)
1	$60,700
2	$82,300
3	$103,900
4	$125,500
5	$147,100
6	$168,700
प्रत्येक अतिरिक्त व्यक्ति के लिए, जोड़ें	$21,600

B. <u>वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने का तरीका (**Method for Applying for Financial Assistance**)</u>

1. मरीज को पहली सेवामुक्ति के बाद बिलिंग स्टेटमेंट पर उल्लिखित तारीख से नब्बे(90) दिनके अंदर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने को प्रोत्साहित किया जाता है। हालांकि मरीज को आवेदन करने और संपूर्ण आवेदन को प्रस्तुत करने के लिए न्यूनतम दो सौ चालीस (240) दिन की अनुमति है।

2. मरीज आवेदन जमा करके अथवा वित्तीय परामर्शदाता से संवाद प्रक्रिया के माध्यम से वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। Northwell Health को वित्तीय सहायता के लिए अर्हता का निर्धारण करने के लिए, मरीज को आवेदन पूर्ण करना चाहिए और सभी अपेक्षित दस्तावेज प्रदान करने चाहिए। आवेदन निम्न तरीके से प्राप्त किए जा सकते हैं:

   a) अनुभाग III प्रक्रियाएँ–आइटम J में नीचे सूचीबद्ध संबंधित वेबसाइट पर ऑनलाइन;

   b) अनुभाग III प्रक्रियाएँ– आइटम J में नीचे सूचीबद्ध फोन नंबर का प्रयोग करते हुए ग्राहक सेवा प्रतिनिधि को कॉल करके; अथवा

   c) अनुभाग III प्रक्रियाएँ– आइटमJ में नीचे सूचीबद्ध संबंधित सेवा पर एक वित्तीय परामर्शदाता से संपर्क करके।

3. वित्तीय सहायता के आवेदकों से किसी भी सार्वजनिक बीमा कार्यक्रम (उदाहरणार्थ, मेडिकेड, चाइल्ड हैल्थ प्लस आदि) जिसके लिए Northwell Health मानता है कि आवेदक योग्य हो सकता है, के लिए आवेदन करने में पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया जाएगा।

4. कृपया पूर्ण आवेदनों को अनुभागIII प्रक्रियाएं- आइटम J में नीचे सूचीबद्ध संबंधित पतों पर मेल करें

5. एक बार पूर्ण आवेदन ऊपर उल्लिखित तरीकों में से किसी एक के माध्यम से जमा कर दिया जाता है, मरीज वित्तीय सहायता आवेदन की स्थिति के संबंध में एक लिखित नोटीफिकेशन प्राप्त होने तक किसी बिल/विवरणकी उपेक्षा कर सकता है। वित्तीय सहायता के लिए अर्हता का नोटीफिकेशन एक पूर्ण आवेदन जमान होने के तीस (30) दिनों के अंदर लिखित में मरीज द्वारा प्राप्त हो जानी चाहिए।

पूर्ण वित्तीय सहायता आवेदन प्राप्त होने पर, कोई भी और सभी ECA जो मरीज से संबंधित प्रक्रिया में हैं, निलंबित हो जाएंगे।

यदि एक मरीज को वित्तीय सहायता के लिए अर्ह माना जाता है, तो एक बिना तारीख का बिलिंग विवरण (स्टेटमेंट) प्रदान किया जाएगा जो बकाया धनराशि, कैसे धनराशि निर्धारित की, और लागू AGB प्रतिशत को इंगित करेगा। मरीज द्वारा भुगतान किए जाने के लिए निर्धारित धनराशि से अधिक दी गई धनराशि का रिफंड तदनुसार कर दिया जाएगा।

वित्तीय सहायता अर्हता पर सभी निर्णय लिखित में किए जाएंगे। वित्तीय सहायता नकारने का नोटिफिकेशन में नकारने के कारणों की व्याख्या, अपील प्रक्रिया का संक्षिप्त विवरण और एक अपील प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जाएगा।

नकारने के नोटिस के तीस (30) दिनों के अंदर अपील दायर की जा सकती है। एक अपील प्राप्त होने के तीस (30) दिनों के अंदर अपील के संबंध में अदालत का निर्णय हो जाएगा। मरीज को उनकी अपील करा परिणाम लिखित में अधिसूचित कर दिया जाएगा।

यदि एक पूर्ण आवेदन प्राप्त होता है, मरीज को लिखित नोटिस प्राप्त होगा जो वित्तीय सहायता के लिए अर्हता निर्धारित करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त जानकारी अथवा कानूनी दस्तावेजों का विवरण देता है। अतिरिक्त सूचना अथवा डाक्युमेंटशन नोटीफिकेशन के 30 दिन के अंदर प्रदान करना अपेक्षित है। मरीज को किसी गैर-भुगतान वाले बिल के लिए नियमित रूप से फालोअप नोटिस प्राप्त होने की उम्मीद करनी चाहिए। हालांकि वित्तीय सहायता के लिए अर्हता का निर्धारण होने तक कोई भी ECA जिन्हें शुरू कर दिया गया है, निलंबित हो जाएँगे।

C. <u>वितीय सहायता के लिए अपेक्षित कानूनी दस्तावेज एवं वित्तीय सहायता का निर्धारण ।</u>

वित्तीय सहायता का निर्धारण व्यक्तिगत आधारों पर होगा।

आवेदन जमा करने की प्रक्रिया के दौरान मांगे गए कानूनी दस्तावेजों को मरीज अथवा मरीज के गारंटरों को व्यक्तिगत, वित्तीय और परिवार की आय से संबंधित अन्य जानकारी अथवा कानूनी दस्तावेज देने पड़ सकते हैं। वित्तीय सहायता का निर्धारण करने में निम्न आइटमों में से कुछ या सभी को प्रदान करने की आवश्यकता हो सकती है:

a. एक पूर्ण आवेदन

b. पूर्व वर्ष का टैक्स रिटर्न(रिटर्न्स);

c. कम से कम दो हालिया वेतन के दस्तावेज;

d. बचत और खाते की जांच के लिए कम से कम तीन हाशिया बैंक स्टेटमेंट्स;

e. आय के अन्य साक्ष्य जैसा कि इस नीति के परिभाषा सेक्शन में सूचीबद्ध 'परिवार आय' द्वारा निर्दिष्ट है;

f. सभी बकाया क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट्स, और

g. अन्य ऋणों के कानूनी दस्तावेज जैसाकि इस नीति के परिभाषा अनुभाग में सूचीबद्ध है।

यदि किसी आवेदक के पास घरेलू आय साबित करने के लिए कोई सूचीबद्ध दस्तावेज नहीं है, तो आवेदक नीचे अनुभाग III प्रक्रियाएं- आइटम J में उल्लिखित अस्पताल सुविधा के वित्तीय सहायता कार्यालय को कॉल कर सकता है और उन अन्य साक्ष्यों के बारे में चर्चा कर सकता है जो अर्हता प्रदर्शित करने के लिए प्रदान किए जा सकते है।

Northwell Health फेडरल पुअर्टी गाइडलाइन्स ("FPG") के 150% से कम घरेलू आय वाले मरीज के लिए परिसंपत्तियों से संबंधित अतिरिक्त दस्तावेज मांग सकता है।

Northwell Health:

a. मरीजको प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए भुगतान के वैकल्पिक स्रोत के लिए आवेदन करने के लिए संयुक्त प्रयास में भागी करने और संभवतः सार्वजनिक या निजी भुगतान कार्यक्रमों से स्वास्थ्य देखभाल कवरेज हासिल करने का भी आग्रह कर सकता है;

b. मरीज की $10,000 से अधिक की उपलब्ध परिसंपत्तियों (प्रमुख आवास और बच्चों को रोज स्कूल ले जाने या काम पर जाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले वाहन को छोड़कर) को भी संज्ञान में ले सकता है। Northwell Health उपलब्ध परिसंपत्तियों के कुल "भारमुक्त मूल्य" के केवल 25% पर विचार करेगा जो अर्हता निर्धारित करने के लिए परिवार की आय राशि में जुड़ जाएगा;

c. मरीज को उपलब्ध अन्य संसाधनों पर विचार भी कर सकता है; और

d. पहले प्रदान की गईं सेवाओं के लिए मरीज की प्राप्तियोग्य बकाया धनराशि और मरीज का भुगतान इतिहास की समीक्षा को भी शामिल कर सकता है।

Northwell Health पॉलिसी में ऐसे कानूनी दस्तावेजों को प्रदान करने में असफल रहने पर वित्तीय सहायता से इनकार नहीं करेगा जो इस पॉलिसी में निर्धारित नहीं हैं।

गैर-आकस्मिक सेवाओं को वित्तीय सहायता के लिए अनुरोध करने से पहलू अनुसूचित किया जा सकता है; हालांकि, सेवाएं हासिल करने पूर्ववित्तीय सहायता आवेदन पर एक कानूनी दस्तावेज आमतौर पर अपेक्षित होता है। वित्तीय सहायता आवेदन तीन महीने के लिए फाइल पर रखा जाएगा और बाद की सेवाओं के लिए अर्हता निर्धारित करने में प्रयोग किया जा सकता है। वित्तीय सहायता के लिए मरीज की अर्हता से संबंधित अतिरिक्त जानकारी ज्ञात होने पर वित्तीय सहायता की आवश्यकता का किसी भी समय पूनर्मूल्यांकन किया जा सकता है।

कोई भी बकाया गैरचुकता खाता जो मरीज के पास हो सकता है, के स्वीकृति स्तर पर सेवा की तारीख से निपरेक्ष वित्तीय सहायता लागू होगी।

D. <u>प्रकल्पित वित्तीय सहायता अर्हता एवं अन्य स्रोतों से हासिल जानकारी</u>

ऐसे दृष्टांत हैं जब एक मरीज को फाइल पर एक लिखित/ औपचारिक वित्तीय सहायता आवेदन के बिना वित्तीय सहायता छूट प्राप्त हो गई। अक्सर पर्याप्त जानकारी या तो मरीज द्वारा प्रदान कर दी जाती है अथवा Northwell Health द्वारा अन्य स्रोतों के माध्यम से जुटा ली जाती है, जो मरीज को वित्तीय सहायता देने के लिए पर्याप्त साक्ष्य प्रदान कर सकती हैं।

ऐसे मामलों में, Northwell Healthमरीज की योग्यता निर्धारण करने के लिए कुल आय का आकलन करने को बाहरी एजेंसियों का प्रयोग कर सकती है अथवा अन्य सहायता कार्यक्रमों जो नॉर्थवेल से संबंधित नहीं हों, में मरीज के नामांकन के आधार पर निर्धारित कर सकती है। एक बार वित्तीय परामर्शदाता द्वारा निर्धारित होने

पर, प्रकल्पित परिस्थितियों की अंतर्निहित प्रकृति के कारण, मरीज खाता संतुलन पर छूट के लिए योग्य हो सकता है। यदि मरीज अनुमानित रूप से पॉलिसी के अंतर्गत उपलब्ध अधिकतम सहायता से कम के लिए योग्य निर्धारित होता है, तो Northwell Health अनुमानित वित्तीय सहायता अर्हता के निर्धारण के आधारों और अधिक अतिरिक्त सहायता के लिए कैसे आवेदन करें, के संबंध में लिखित में सूचित करेगा। अनुमानित अर्हता निर्णय करने के लिए प्रयुक्त डेटा के अन्य स्रोतों में कुछ कार्यक्रमों में मरीज की भागीदारी अथवा बाहर से हासिल जानकारी की उपलब्धता शामिल होती है, जैसेः

1. सरकारी-वित्तपोषित औषधि कार्यक्रम;
2. आवासहीन अथवा आवासहीन क्लीनिक से प्राप्त चिकित्सा;
3. वुमन, इनफेंट एंड चिल्ड्रन (Women, Infants, Children (WIC) प्रोग्राम्स में भागीदारी;
4. फूड स्टांप अर्हता;
5. सब्सिडीप्राप्त स्कूल लंच कार्यक्रम अर्हता;
6. अन्य ऐसे राज्य अथवा स्थानीय सहायता कार्यक्रमों के लिए अर्हता जो वित्तपोषी हैं (उदाहरणार्थ.मेडिकेड स्पेंड-डाउन);
7. वैध पते के रूप में निम्न आय/सब्सिडीप्राप्त आवास दिया गया है;
8. मरीज का किसी ज्ञात संपत्ति के बिना निधन हो गया है;
9. मरीज सीमित सेवा वाले मेडिकेड कार्यक्रमों में नामित है जो फेडरल पुअर्टी गाइडलाइंस के 100% से निम्न पारिवारिक आय का प्रयोग करते हैं, विशेष तौर पर मेडिकेड प्रोग्राम फॉर प्रेग्नेंट वुमन-प्रेग्नेंसी रिलेटेड सर्विसेज ओनली अथवा फैमिली प्लानिंग सर्विसेज और (Emergency Medical Services Authority, EMSA);
10. मरीज जो राज्य के बाहर मेडिकेड बीमा योजनाओं में भागीदारी नहीं करने वाले मरीज;
11. मरीज जिन्हें सेवाएं प्रदान किए जाने के बाद जानकारी के बाहरी स्रोतों तक पहुंच के माध्यम से जिनकी पहचान फेडरल पुवर्टी गइडलाइन्स के 100% से निमन आय वाले के रूप में की गई है; और
12. सार्वजनिक रूप से उपलब्ध डेटा स्रोतों (उदाहरण क्रेडिट रिपोर्टिंग एजेंसी) का प्रयोग जो मरीज अथवा मरीज के गारंटर की भुगतान क्षमता पर जानकारी प्रदान करता है। (जैसे क्रेडिट स्कोरिंग)।

FAPआदेवन प्रोसेसिंग और/अथवा वित्तीय स्क्रीनिंग प्रक्रिया के लिए कानूनी दस्तावेजों के संकलन में आसानी के लिए, Northwell Health संयत ऋण पूछताछ (सॉफ्ट क्रेडिट इन्वायरी) का प्रयोग कर सकता है जो ऋणदाता के लिए प्रत्यक्ष/ स्पष्ट नहीं है (केवल मरीज अथवा जिम्मेदार पक्ष के लिए दृश्य), और मरीज की ऋण स्थिति अथवा भविष्य में ऋण लेने की क्षमता (उदाहरणार्थ FICO स्कोर) पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

ऐसी पूछताछ का प्रयोग किया जा सकता है:

1. मरीज का प्रशासनिक बोझ (दस्तावेजों के संकलन के विषय में) को कम करने के लिए); और/अथवा

2. मरीज, गारंटर और/अथवा मरीज के कानूनी प्रतिनिधि की अनुमानित योग्यता के निर्धारण के लिए जो Northwell Health के प्रचलित एवं विशिष्ट प्रयासों के बावजूद बिलिंग और संग्रह चक्र के दौरान Northwell Health से संपर्क स्थापित नहीं करता।

E. <u>मरीज के वित्तीय सहायता दिशानिर्देश</u>

वित्तीय सहायता स्तर के लिए अर्हता का निर्धारण करने के लिए Northwell Health आवेदन की समीक्षा के समय प्रभावी फेडरल पुअर्टी गाइडलाइंस (“FPG”) का प्रयोग करता है। Northwell Health FPG (फेडरल पुअर्टी गाइडलाइंस) को अपडेट करेगा जो अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग (यूएस डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एवं

ह्यूमन सर्विसेज) द्वारा वार्षिक रूप प्रकाशित होता है, एक मार्च से अथवा प्रकाशन से तीस (30) दिन के अंदर जो भी बाद मे हो, से लागू होती है।

अन्य परिसंपत्तियों की उपलब्धता का विषय,

1. मरीज जिनके परिवार की आय FPG (फेडरल पुवर्टी गाइडलाइंस) के 100% पर या नीचे है, बिना शुल्क पर अथवा NYSDOH द्वारा निर्दिष्ट मामूली भुगतान स्तर पर आपातकालीन अथवा चिकित्सकीय रूप से अनिवार्य सेवाओं को प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं; और

2. मरीज जिनके परिवार की आय FPG (फेडरल पुवर्टी गाइडलाइंस) के 100% से अधिक है लेकिन 500% से कम है, आपातकालीन अथवा चिकित्सकीय रूप से अनिवार्य सेवाओं के लिए छूट प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं, जैसा कि नीचे स्लाइडिगं स्केल तालिका में सीमांकित है।

Northwell Health अपनी सभी करमुक्त अस्पताल सुविधाओं के लिए आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) की गणना के लिए "लुक-बैक" आधार पर मेडिकेड दरों का प्रयोग करता है। हटिंगटन हॉस्पिटल एसोसिएशन, नार्दन वेस्टचेस्टर हॉस्पिटल एसोसिएशन, फेल्प्स मैमोरियल हॉस्पिटल एसोसिएशन, Northwell Health फिजिशयन पार्टनर्स (औपचारिक रूप से नॉर्थ शोर एलआईजे मेडिकल ग्रुप के रूप से जाना जाता है), और स्टेटन आइसलैंड यूनीवर्सिटी हॉस्पिटल अपवाद हैं, जो आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) की गणना के लिए "लुक-बैक" आधार पर मेडिकेयर दरों का प्रयोग करेंगे।

अस्पताल सुविधा द्वारा AGB (एमाउंट जनरली बिल्ड) प्रतिशतसे संबंधित अतिरिक्त जानकारी, साथ ही Northwell Health कैसे इन प्रतिशत की गणना करता है, से संबंधित जानकारी अनुरोध पर उपलब्ध है, निम्नलिखित Northwell Health वेबसाइट www.northwell.edu/find-care/locations/ पर विजिट कर अथवा 1-800-995-5727 पर हमारे वित्तीय सहायता कार्यालय से संपर्क कर निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

सहायता के लिए योग्य मरीजों पर आवोशित धनराशि AGB (एमाउंट जनरली बिल्ड) से कम अथवा नीचे स्लाइडिंग स्केल तक सीमित होगा:

सकल वेतन एवं परिसंपत्ति FPG के% के रूप में	**मरीज उत्तरदायित्व (AGB का %)**
100% अथवा कम	**$0 - $150**
101% से 125%	**10%**
126% से150%	**15%**
151% से 200%	**20%**
201% से 250%	**25%**
251% से 300%	**35%**
301% से 500%	**100%**

इसके अतिरिक्त, गैर-बीमित और अल्पबीमित मरीज जिनके परिवार की आय FPG (फेडरल पुवर्टी गाइडलाइन्स)के 500% अधिक है, छूटप्राप्त चिकित्सा प्राप्त कर सकते हैं और उनसे प्रचलित वाणिज्यिक बीमा दरों से अधिक नहीं वसूला जाएगी।

F. <u>मरीज और जनता से वित्तीय सहायता कार्यक्रम का संचार</u>

Northwell Health वित्तीय सहायता की उपलब्धता के संबंध में विभिन्न माध्यमों से सार्वजनिक नोटिस प्रदान करती है जिनमें शामिल हैं मरीज बिलों में नोटिस, आपातकालीन कक्ष, अविलंब चिकित्सा केंद्र, भर्ती एवं पंजीकरण विभागों, अस्पताल बिजनेस कार्यालयों, क्लीनिकों, और मरीज वित्तीय सेवा कार्यालयों जो Northwell Health अस्पताल सुविधा परिसरों पर स्थित हैं। नॉर्थलेव हैल्थ हॉस्पिटल फेसिलिटी वेबसाइटों पर भी जानकारी शामिल हैं। इसके अलावा Northwell Health वित्तीय सहायता कार्यक्रम का सार स्थानीय सार्वजनिक एजेंसियों और गैर-लाभकारी संगठनों को प्रदान करता है, जोसमुदाय की निम्न आय वाली आबादी की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने का काम करते हैं।

मरीज को वित्तीय सहायता के लिए निर्दिष्ट करने का काम Northwell Health के स्टाफ अथवा मेडिकल स्टाफ के किसी भी सदस्य द्वारा किया जा सकता है जिनमें चिकित्सक, नर्सें, वित्तीय परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, केस मैनेजर्स, पादरी और धार्मिक प्रायोजक शामिल हैं। वित्तीय सहायता का अनुरोध मरीज द्वारा अथवा परिवार के सदस्य, नजदीकी मित्र, अथवा मरीज के सहयोगी द्वारा किया जा सकता है जो लागू गोपनीयता कानून के अधीन है। गैर-बीमितमरीज जब अस्पताल में होगे, तब Northwell Health उन्हें भुगतान कार्यक्रमों तथा वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी समेत वित्तीय परामर्श प्रदान करने के लिए Northwell Health अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले उनसे संपर्क करने का प्रयास करेगा।

Northwell Health की वित्तीय सहायता नीति आवेदन और साधारण भाषा में पॉलिसी का सार अंग्रेजी और साधारण अंग्रेजी पार्श्वकता के साथ आबादी की प्रमुखभाषा में उपलब्ध है।

मरीज को भर्ती होने, पंजीकरण और वित्तीय परामर्श प्रक्रिया के दौरान वित्तीय सहायता की उपलब्धता के बारे में सूचित कर दिया जाएगा। भर्ती प्रक्रिया के भाग के रूप में सभी मरीज को Plain Language Summary, PLS प्रस्तुत किया जाएगा। गैर-अंग्रेजी भाषी मरीज के लिए जो प्रमुख भाषा संस्थापित करने के मानदंड को पूरा नहीं करते हैं, अनुरोध पर अनुवादसेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकती है।

G. <u>बिलिंग एवं संग्रह नीतियां</u>

Northwell Health के पास आंतरिक और बाहरी संग्रह कार्यों के लिए नीतियां व प्रक्रियाएं (भुगतान नहीं होने की स्थिति में वे कार्यवाही जो अस्पताल कर सकते हैं समेत, जिनमें शामिल है संग्रह कार्यवाही और क्रेडिट एजेंसियों को रिपोर्ट देना) हैं जो उस सीमा का ध्यान रखती हैं जिस तक मरीज वित्तीय सहायता के लिए पात्र होता है, एक सरकारी कार्यक्रम के लिए अथवा Northwell Health से वित्तीय सहायता पाने के लिए आवेदन करने के एक मरीज के नेकनीयत प्रयास, और Northwell Health के साथ अपने भुगतान अनुबंधों के अनुपालन का मरीज का नेकनीयत प्रयास। उन मरीज के लिए जो वित्तीय सहायता के लिए अर्ह हैं और जो अपने छूटप्राप्त अस्पताल बिल के समाधान के लिए नेकनीयती से सहयोग कर रहे हैं, Northwell Health विस्तारित भुगतान योजनाएं प्रस्तुत कर सकती है, और उन पर वेतन ऋणानुबंध अथवा प्रमुख आवास पर दावा नहीं ठोकेगी, और सभी संग्रह के प्रयासों को तब तक रोक देगी, जब तक भुगतान अनुबंध टूटता नहीं है अथवा मरीज अपने खाते के समाधान में Northwell Health के साथ सहयोग बंद कर देगा।

Northwell Health द्वारा भेजे गए सभी बिलिंग स्टेटमेंट्स में शामिल होता है वित्तीय सहायता की उपलब्धता से संबंधित एक स्पष्ट नोटिस, टेलीफोन नंबर के साथ जिस पर मरीज कॉल कर FAP के बारे में जानकारी और आवेदन प्रक्रिया में सहयोग प्राप्त कर सकता है। बिलिंग स्टेटमेंट्स में वेबसाइट एड्रेस भी शामिल होगा जहां से FAPआवेदन, और PLS हासिल किया जा सकता है।

Northwell Health और उसके एजेंट, अस्पताल के मरीज को पहले सेवामुक्ति बिलिंग विवरण के बाद 120 दिन तक ECA शुरू नहीं कर सकते। किसी ECA को शुरू करने का कम से कम तीस (30) दिन का अग्रिम नोटस मरीज को दिया जाएगा। Northwell Health ऐसे किसी जिसने मरीज के अस्पताल बिल के लिए जिम्मेदारी स्वीकार की अथवा जिसे जिम्मेदारी स्वीकार करने की आवश्यकता है, के खिलाफ ऐसी कार्यवाही करने का अधिकार अपने पास अरक्षित रखता है। नोटिस मरीजों को वित्तीय सहायता की उपलब्धता के संबंध में बताएगा, और किसी भी ऐसे ECA के बारे में जानकारी देगा जिसे Northwell Health शुरू है अथवा पुनःआरंभ कर सकता है यदि मरीज ने बकाया धनराशि नहीं है अथवा वित्तीय सहायता प्रक्रिया शुरू की है। 30 दिन के नोटिस के साथ एक PLS की प्रति भी शामिल की जाएगी।

<u>नियामक आवश्यकताएं</u>

Northwell Health उन सभी संघीय, राज्य तथा स्थानीय कानूनों, नियमों और विनियमों का अनुपालन करेगी जो इस पॉलिसी के अनुसार संचालित गतिविधियों पर लागू हों।

H. <u>Northwell स्वास्थ्य वित्तीय परामर्श कार्यालय</u>

नीचे उल्लिखित Northwell स्वास्थ्य वित्तीय सहायता इकाई**निम्न सुविधाओं के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करती है:** *North Shore University Hospital, Long Island Jewish Medical Center, Cohen Children's Medical Center, The Zucker Hillside Hospital, Huntington Hospital, Lenox Hill Hospital, Manhattan Eye, Ear and Throat Hospital, Staten Island University Hospital, Long Island Jewish Valley Stream, Long Island Jewish Forest Hills, Glen Cove Hospital, Plainview Hospital, Southside Hospital and Syosset Hospital.*

Northwell Health
Financial Assistance Unit
35 Pinelawn Road
Melville, NY11747-9001
फोन: 1.800.995.5727

डाक पता:
Northwell Health
Financial Assistance Unit
PO Box 9001
Melville, NY11747-9001
वेब पता: www.northwell.edu/manage-your-care/financial-aid-programs/financial-assistance-program;

Northern Westchester Hospital
Financial Assistance Unit
400 East Main Street
Mount Kisco, NY10549-1096
फोन: 914.666.1512
वेब पता: www.nwhc.net/for-patients-and-visitors/financial-assistance

Phelps Memorial Hospital Center
Financial Counseling
701 North Broadway
Sleepy Hollow, NY10591-1096
फोन: 914.366.3133
ईमेल - billing@pmhc.us
वेब पता: www.phelpshospital.org/patient-visitor-info/billing/

Peconic Bay Medical Center
Financial Assistance Coordinator
1300 Roanoke Avenue
Riverhead, NY11901
फोन: 631.548.6099
वेब पता: www.pbmchealth.org/medical-centers-and-services/peconic-bay-medical-center/billing/